# “एक पेड़ माँ के नाम…”

अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (05 JULY 2025)

…. माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान



## Int’l Day of Cooperatives observed at Apex Bank

■ Staff Reporter
RAIPUR, July 5

MINISTER for Cooperative and Water Resources Department Kedar Kashyap participated in a workshop held at the Apex Bank campus in Nava Raipur Atal Nagar on the occasion of International Day of Cooperatives.

Minister Kashyap planted a sapling under the “Ek Ped Maa Ke Naam” on the occasion.

He distributed Rupay KCC cards to cow rearers and fish farmers and micro ATMs to milk cooperative societies.

Speaking on the occasion, Minister Kashyap said that the “Ek Ped Maa Ke Naam” campaign is a symbol of environmental protection, and reverence towards mother. He said that this campaign is also a unique way of expressing love and gratitude.

Minister Kashyap said that planting a tree in the name of mother connects mother's love with nature. It is a living tribute, which not only expresses our feelings towards mother but is also a gift for the future generations, he added.

Chairman of Apex Bank Kedarnath Gupta and Additional Chief Secretary of the Cooperative Department Subrat Sahoo also spoke.

Chhattisgarh Sahkarita Prakoshtha President Shashikant Dwivedi, Secretary of Cooperative Department Dr C R Prasanna, Commissioner of Cooperative Department Kuldeep Sharma, Managing Director of Apex K N Kandey, Additional Commissioner H K Doshi and other officers attended the programme.

Minister for Cooperative and Water Resources Department Kedar Kashyap along with Chairman of Apex Bank Kedarnath Gupta and others during the programme at Nava Raipur Atal Nagar.



# “एक पेड़ माँ के नाम…”

…. माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान

**अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (05 JULY 2025)**





पत्रिका

**आयोजन:** समितियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में शासन कर रहा पहल

## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर रोपे गए एक पेड़ मां के नाम पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**साल्हेओना.** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को सहकारी समिति साल्हेओना के धान खरीदी केंद्र किनारे पर स्थानीय पदाधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम पर एक - एक पौधे रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प लिया। शनिवार को सहकारी समिति साल्हेओना में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राधिकृत अधिकारी जय रतन पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने जुलाई 2021 में सहकारिता क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी। इसके गठन के बाद नई सहकारिता नीति व योजनाओं पर कार्य किए जा रहे हैं। इससे किसान, कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं सशक्तिकरण हेतु पर्याप्त संभावनाएं जागी है।

### मजबूत करने निर्णय

जयरतन पटेल ने कहा कि पिछले दिनों प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के डिजिटलीकरण को स्वीकृति देकर सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने का निर्णय लिया है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस को यादगार बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम पर पौधे रोपा जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने खरीदी केंद्र के आस-पास किनारे में फलदार वृक्ष जामुन, सीताफल, बादाम तथा छायादार नीम के पौधे रोपे और नए पौधों को बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक बंशीधर पटेल,राधामोहन पाणिग्राही, कन्हैया पटेल, बजरंग सिदार, अनिल साहू, कम्प्यूटर आपरेटर वासु पटेल सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष भुवन विजय मालाकार व अन्य उपस्थित रहे।

समिति परिसर में पौधरोपण करते हुए।

- संभाग बिलासपुर अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण

# “एक पेड़ माँ के नाम…”

…. माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान

**अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (05 JULY 2025)**





## नेवसा सहकारी समिति ने लगाया पौधा

**नवागढ़।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर मां के नाम एक पेड़ के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति नेवसा में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। जिसमें प्राधिकृत अध्यक्ष युवराज सिंह ठाकुर, सरपंच श्रीमती कांति रामाधार साहू, श्रीमती मोगरा इंदल यादव उपसरपंच एवं ग्राम पटेल बाराती राम साहू, चोवा राम साहू, अर्जुन सेन और कृषक उपस्थित थे।

## कुंवरा समिति में किया गया पौधरोपण

**नवागढ़।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर मां के नाम एक पेड़ के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति कुंवरा में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। जिसमें समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष दिनेश सोनी, समिति प्रबंधक ईश्वर यादव, प्रीत राम, खेम सिंह, गनपत, राकेश, आशीष राजपूत, पुनदास गायकवाड़, श्रीमती सुशीला बाई, शैल बाई, हरि साहू, रूपेंद्र वर्मा, परदेसी वर्मा सहित कृषक उपस्थित थे।

- संभाग दुर्ग अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण

# “एक पेड़ माँ के नाम…”

…. माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान

**अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (05 JULY 2025)**

# शहर-समाज

दैनिक भास्कर, रायपुर, सोमवार, 7 जुलाई, 2025 | 16

**पर्यावरण संरक्षण** • एक पेड़ मां के नाम के तहत प्रति समिति 100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा

## पैक्स समितियों ने पौधरोपण कर वृक्ष बनने तक सुरक्षा का संकल्प लिया

भास्कर न्यूज | बागबाहरा

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत महासमुंद जिले के सभी पैक्स समितियों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत लगभग प्रति समिति 100 पौधे का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। पौधरोपण कर सभी पौधों के वृक्ष बनने तक सुरक्षा का संकल्प लिया।

छग सरकार के मंशानुरूप इस साल भी जिले के उपायुक्त सहकारी संस्थाएं महासमुंद द्वारकानाथ क्रांत ने सहकारी समितियों के खाली जगहों पर छायादार और फलदार पौधे रोपने के निर्देश जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को दिए थे। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी ओंकारबंद स्थित सेवा सहकारी समिति के उपकेंद्र पहुंचकर बरगद के पौधे का रोपण कर आगामी समय मे पौधों के वृक्ष बनने के बाद उनके महत्व पर बाते कही। इसके तहत प्राथमिक सेवा सहकारी समिति चरौदा के उपकेन्द्र ओंकारबंद मे द्वारिकानाथ क्रांत उपायुक्त सहकारी संस्थाएं महासमुंद ने बरगद, संजय गुप्ता वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक महासमुंद ने आम, पीएल सिन्हा शाखा प्रबंधक बागबाहरा ने अशोक, जयप्रकाश साहू संस्था प्रमुख प्राथमिक सेवा सहकारी समिति चरौदा ने नीम के तथा साथ ही अन्य सभी कर्मचारियों ने फलदार, छायादार पौधों का रोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। धान उपार्जन केन्द्र ओंकारबंद में आयोजित पौधेरोपण के दौरान मनीष चंद्राकर प्रबंधक सहकारी समिति मामाभाचा, नोमेंन्द्र साहू प्रबंधक झारा, यसवंत महोबिया प्रबंधक सुखरीडबरी, प्रेमलाल साहू, सुरेन्द्र पटेल, चमन पटेल, उमेश साहू, ओमप्रकाश साहू, खेमराज सिन्हा, योगेश सिन्हा, चंदू ध्रुव, तेजराम पटेल मौजूद थे। धान खरीदी उपकेंद्र मे पौध रोपण के दौरान द्वारिकानाथ क्रांत उपायुक्त सहकारी संस्थाएं महासमुंद ने बताया कि सनातन में पीपल और बरगद को देवतुल्य पौधे कहा गया है। शास्त्रों के मुताबिक इन पौधों मे देवता का वास होता है। उन्होंने कर्मचारियों को लगाए गए पौधे कि संरक्षण कि बात कही व इस अभियान में अधिक से अधिक किसानों, ग्रामीणों को जोड़ने कि पहल कि बात कही।



बागबाहरा। पौधरोपण करते समिति के प्रबंधक व अन्य।

### पांच साल मे 100 से अधिक पौधों को पेड़ बनते देखा

संस्था प्रमुख जयप्रकाश साहू ने कहा कि कर्मचारियों कि ओर से अपने जन्मदिन अवसर पर लगाए गए सैकड़ों पौधों को पेड़ बनते देख काफी खुशी होता है, बंजर जमीन पर कर्मचारियों कि मदद से से लगाए गए पौधे अब फल फूल के साथ शुद्ध हवा और किसानों को गर्मी मे राहत दिला रही है।



- संभाग रायपुर अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण

